प्रेषक,

विरेश कुमार सोनकर
अपर सिविल जज(जू०डि०), चतुर्थ
सहारनपुर।

सेवा में,

माननीय निबन्धक (न्यायिक बजट)
माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद।

द्वारा,

माननीय जनपद न्यायाधीश,
सहारनपुर।

विषयः-उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा में चयनित विधि परास्नातक उपाधिधारक अभ्यर्थियों को तीन अग्रिम वेतनमान दिये जाने के संबंध में।

महोदय,

ससम्मान निवेदन यह है कि मैंने विधि परास्नातक सन् 2015 में लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ से पूर्ण किया तथा इसकी डिग्री दिनांक 31.01.2016 को प्राप्त की।

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग इलाहाबाद की संस्तुति पर माननीय राज्यपाल उत्तर प्रदेश ने दिनांकित 14/12/2019 को मेरा चयन/नियुक्ति पत्र जारी किया।

माननीय महोदय मैंने महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश के द्वारा दिनांक 14/12/2019 चयन/नियुक्ति पत्र के पूर्व ही विधि परास्नातक की डिग्री प्राप्त कर ली थी।

अतः माननीय महोदय से विनम्र अनुरोध है कि मुझे तीन अग्रिम वेतनमान प्रदान कराने की अति कृपा करे।

प्रार्थी आपका आभारी रहेगा।

सादर।

भवदीय

Viresh Kumar

दिनांक- 17.07.2023

(विरेश कुमार सोनकर)
अपर सिविल जज(जू०डि०), चतुर्थ
सहारनपुर।

संलग्नकः-

1- विधिक परास्नातक के अंकपत्र की प्रमाणित प्रति।

२-विधि परास्नातक डिग्री की प्रमाणित प्रति।

३-महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश द्वारा निर्गत चयन/नियुक्ति पत्र की विज्ञप्ति की प्रमाणित प्रति।